दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729
# मरुधर विशेष
Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665
अंक 02/87 | जयपुर | 16 अप्रैल /2025 | बुधवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



# राजस्थान में सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

## उदयपुर-डूंगरपुर में आंधी और बारिश, बाड़मेर में पारा 45 डिग्री के पार; 13 जिलों में लू का अलर्ट

**जयपुर।**

राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। आज बाड़मेर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ। दिन में तेज गर्मी के साथ हीटवेव चली। वहीं, उदयपुर और डूंगरपुर में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। शाम को कुछ स्थानों पर बादल छाए। आंधी चलने के बाद हल्की बारिश हुई।

मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन पश्चिमी राजस्थान में गर्मी और तेज होने का अनुमान जताया है। बुधवार को जैसलमेर और बाड़मेर में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, 11 जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट है। इधर, भारतीय मौसम विभाग, नई दिल्ली ने इस सीजन के मानसून का फोरकास्ट जारी



किया है। इस बार राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में मानसून में औसत (सामान्य) से अधिक बारिश होने की संभावना है। राजस्थान के सभी हिस्सों में मानसून की अच्छी बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने इस बार हिंद महासागर में इंडियन ओशन डायपोल की स्थिति न्यूट्रल रहने की संभावना जताई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राजस्थान में पूर्व के साथ-साथ इस बार पश्चिम में भी अच्छी बारिश होगी।

### उदयपुर और डूंगरपुर में बारिश

उदयपुर और डूंगरपुर में आज दोपहर में तेज गर्मी के बाद शाम को बादल छाए और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। बारिश से पहले इन जिलों में धूलभरी हवा चली। मौसम के इस बदलाव से लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

### बाड़मेर में पारा 45 डिग्री के पार

आज दिन में सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में भी दिन का तापमान एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45 पर पहुंच गया। फलोदी में 44.4, चित्तौड़गढ़ में 43.1, जालोर में 42.4, बीकानेर व श्रीगंगानगर में 42.3, जोधपुर में 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ये सभी शहर दिन में हीटवेव की चपेट में रहे। जयपुर में आज अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में 17 अप्रैल से हीटवेव का दौर शुरू होने की संभावना जताई है।

### गर्मी का रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने बुधवार को हीटवेव का रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है, जो 18 अप्रैल तक रहेगा। 19 अप्रैल को सिर्फ येलो अलर्ट रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- एक कमजोर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 16-17 अप्रैल को राज्य के कुछ जिलों में एक्टिव हो सकता है। इस सिस्टम के असर से 16 और 17 अप्रैल को आंधी चल सकती है। कुछ जगह हल्के बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है।

# डोटासरा बोले-मदन राठौड़ भाजपा का सत्यानाश करके मानेंगे

## कहा- ट्रांसफर में मंत्रियों ने बाजार में दलाल छोड़ रखे है;जूली बोले-खर्रा की बात सरकार नहीं मानती

**पाली।**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मंगलवार को पाली पहुंचे। यहां कांग्रेस भवन में कांग्रेस पदाधिकारियों से मुलाकात की और संगठन को लेकर चर्चा भी की।

इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने



सरकार के मंत्रियों पर ट्रांसफर में दलाली करने का आरोप लगाया। वे बोले- बाजार में 40-40 दलाल घुम रहे है।इतना ही नहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के दिए बयान पर भी डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि वे भाजपा का सत्यानाश करके ही मानेंगे। डोटासरा ने इस दौरान ज्ञानदेव आहूजा समेत संगठन को लेकर भी बातचीत की।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को लेकर कहा कि मंत्रिमंडल में वे सबसे यूनिक चीज है। उनकी बात सरकार भी नहीं मानती। इस दौरान राम मंदिर में गंगाजल छिड़कने वाले मुद्दे पर वे बोले- टीकाराम जूली के मंदिर में जाने के बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा गंगाजल छिड़कता है।

# कोटा में चाय पीने गए स्टूडेंट की हार्टअटैक से मौत

**कोटा।** कोटा में 21 साल के NEET स्टूडेंट को चाय की थड़ी पर बैठे-बैठे हार्ट अटैक आ गया और वह नीचे गिर गया। उसे तुरंत पास ही खड़ी एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। मामला कोटा के कुन्हाड़ी थाना इलाके का मंगलवार सुबह 8 बजे का है। थाना ASI अनिल कुमार ने बताया- स्टूडेंट देवकरण (21) पाली जिले के जैतपुर थाना इलाके के गढ़वाड़ा का रहने वाला था। जानकारी में आया है कि उसे हार्ट अटैक आया था। देवकरण नवंबर, 2024 में पाली से कोटा आया था। वह सेल्फ स्टडी करके नीट की तैयारी कर रहा था। वह रोज लाइब्रेरी में पढ़ने जाता था। आज भी वह लाइब्रेरी में पढ़ने गया। सुबह 7:15 बजे लाइब्रेरी पहुंचा। 7 बजकर 58 मिनट पर लाइब्रेरी से वापस निकला था।

ASI अनिल कुमार ने बताया- वह लाइब्रेरी के पास ही स्थित चाय की थड़ी पर पहुंचा। उसने थड़ी पर बैठी महिला से चाय बनाने के लिए कहा और खुद पट्टी पर बैठ गया। महिला दुकानदार चाय बनाने लग गई। इस दौरान देवकरण बेहोश होकर पट्टी से नीचे गिर गया और बेसुध हो गया।

## सुशासन है सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्य सचिव

# मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने कोटपूतली-बहरोड़ में ली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

### सम्पर्क पोर्टल, फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर और राइजिंग राजस्थान के तहत जिले के प्रदर्शन को सराहा

### संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर व एसपी रहे मौजूद







**मरुधर विशेष**

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिला मुख्यालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुये मुख्य सचिव पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पारदर्शी, उत्तरदायी व संवेदनशील ढ़ंग से कार्य करने के लिये प्रतिबद्ध है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता सुशासन है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना करते हुये कहा कि कोटपूतली-बहरोड़ नया जिला है, काफी चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन एवं समस्त विभागीय अधिकारियों ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने जिले के अधिकारियों के साथ परिचयात्मक संवाद किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था, बुनियादी सेवाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी एवं शौचालय की साफ-सफाई सहित आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी राजकीय कार्यालय में शौचालयों की कार्यात्मक स्थिति सुनिश्चित करें व उनकी नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई हेतु आमजन को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीने पानी, बिजली व मौसमी बीमारियों की दृष्टि से संवेदनशील है, सभी अधिकारी इस हेतु मुस्तैद रहे। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर में जिले द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने पर जिला प्रशासन एवं समस्त संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की। बैठक में संभागीय आयुक्त पूनम, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, एडीएम ओमप्रकाश सहारण सहित जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करें, कार्य निष्पादन में तेजी लायें :-** मुख्य सचिव पंत ने ई-फाईल के डिस्पोजल टाईम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने अधिकारियों से ई-फाईलिंग डिस्पोजल की औसत समयावधि और प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुये कहा कि प्रशासन को अधिक दक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिये ई-फाईलिंग आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलम्ब और फाईलों का अनावश्यक अटकाव अब स्वीकार्य नहीं होगा। सभी फाईलें व नोटशीट ई-फाईल से ही भेजें।

**न समस्याओं का हो त्वरित समाधान :-** मुख्य सचिव पंत ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जन अभाव अभियोग के लिये बने सम्पर्क पोर्टल में जिले के बेहतर प्रदर्शन हेतु जिला प्रशासन को सराहा। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के डिस्पोजल टाईम को कम कर जिले ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 25 फ्लैगशिप योजनाओं की नियमित समीक्षा कर हर पात्र को लाभ पहुँचाया जाना सुनिश्चित करें।

**अवैध खनन पर करें सख्त कार्यवाही, मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में करें जागरूक :-** मुख्य सचिव ने जिले में अवैध खनन पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुये कुल प्रकरणों एवं सीजर मामलों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि अवैध खनन की रोकथाम हेतु संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित रूप से संयुक्त कार्यवाही करें। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सतत् निगरानी और समयबद्ध निवारक कदम सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने 'एनकोर्ड' की बैठकें समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर निवारक कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कॉलेज और विद्यालय में आवश्यक प्रचार-प्रसार कर जागरूक करने एवं नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाने के निर्देश दिये।

**महिला सुरक्षा सर्वोपरि, हर शिकायत का हो संज्ञान :-** बैठक में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोई कोताही स्वीकार नहीं होगी। महिला उत्पीडन् से संबंधित किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुये प्राथमिकता के आधार पर रजिस्टर किया जाये और परिवादियों को अनावश्यक परेशान ना किया जाये। पुलिस अधीक्षक ने महिला अपराधों के खिलाफ की गई कार्यवाही एवं सुधारों के बारे में विस्तार से बताया।

**सडक़ सुरक्षा में सुधार हेतु बहु-आयामी प्रयास आवश्यक :-** सीएस पंत ने जिले में सडक़ दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुये पुलिस, परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई को आपसी समन्वय से कार्य करते हुये सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ठोस रणनीति अपनाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस हेतु एनजीओ का सहयोग लेकर कार्य करने के लिये कहा। उन्होंने ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर समय पर सुधार कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि कॉलेज और स्कूली विद्यार्थियों को सडक़ सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जायें।

**गर्मी के मौसम को लेकर पूर्व तैयारी रहे पुख्ता :-** आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुये मुख्य सचिव ने बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पूर्व तैयारियों के साथ सक्रिय रहना होगा। ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संकट की स्थिति उत्पन्न ना हो। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति नियमित बनी रहे और चिकित्सा संस्थानों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें पहले से सुनिश्चित की जायें।

**राजस्व प्रकरणों का हो शीघ्र निस्तारण :-** बैठक में भू-रूपांतरण, नामांतरण, राजकीय भूमि के न्यायिक प्रकरण, भूमि आवंटन, भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा वितरण जैसे विविध राजस्व मामलों की गहन समीक्षा की गई। मुख्य सचिव पंत ने कहा कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई जायें तथा मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के अनुरूप किसी भी कार्य में विलंब ना हो। साथ ही उन्होंने कहा कि कन्वर्जन एवं म्यूटेशन के प्रकरणों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर कार्यों में गति लायें।

**कानून व्यवस्था बनाये रखें, बना रहे सद्भाव व शांति :-** मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को विभिन्न त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों को आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने के लिये प्रोत्साहित किया जायें, ताकि सामाजिक सौहार्द बना रहे।

**औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें सुनिश्चित :-** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण नियमित रूप से करें, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बना रहे। उन्होंने कहा कि निरीक्षण की रिपोर्ट समय-समय पर मुख्यालय को प्रेषित की जायें। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक को भी थानों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि मिड-डे मिल के खाने का अधिकारी सेवन कर उसकी गुणवत्ता को समय-समय पर जाँचे।

**'राइजिंग राजस्थान' के एमओयू हों धरातल पर क्रियान्वित :-** मुख्य सचिव ने राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत किये गये एमओयू की समीक्षा करते हुये उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लागू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव होगा। उन्होंने भूमि आवंटन संबंधी प्रस्तावों की गंभीरता से जाँच-पड़ताल कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के तहत धरातल पर कार्य उतारने के लिये जिले के प्रदर्शन की सराहना की।

**हरियालों राजस्थान और एक पेड़ माँ के नाम अभियान को लेकर निर्देश :-** मुख्य सचिव एवं संभागीय आयुक्त ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का इस वर्षा ऋतु में 10 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य है। उन्होंने वन का महत्व बताते हुये कहा कि सभी विभाग हरियालो राजस्थान एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण में लक्ष्य अनुरूप कार्य करें और अधिकाधिक वृक्ष लगायें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय में बाउण्ड्री के आसपास वृक्षारोपण सुनिश्चित करें।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश :-** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लंबित विद्युत कनेक्शन शीघ्र पूर्ण कराये जायें। बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किये जायें। जल जीवन मिशन के तहत कार्यों को निर्धारित टाईमलाईन में निष्पादित किया जायें। एमजेएसए के तहत कार्यों को समय पर पूर्ण किया जायें। 'आई गॉट मिशन कर्मयोगी' के अंतर्गत सभी कार्मिकों का समय पर पंजीकरण एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित करें। विभिन्न योजनाओं की ग्राउण्ड-लेवल मॉनिटरिंग की जायें। संभागीय आयुक्त पूनम ने सभी अधिकारियों को बैठक में दिये गये निर्देशों की पालना करने के लिये कहा और प्रत्येक योजना का लाभ हर पात्र तक पहुँचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से सभी विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मौके पर चालू रास्तों का रिकॉर्ड में अंकन करने के नवाचार की सराहना की।

# चंद्रिका कमलेश जोशी को बांसवाड़ा महिला प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष नियुक्त



पुष्पा वैष्णव



चंद्रिका कमलेश जोशी

**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अर्चना दवे ने चंद्रिका कमलेश जोशी को बांसवाड़ा महिला प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है वही पुष्पा वैष्णव को घाटोल तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अर्चना दवे ने बताया की उक्त नियुक्तिया महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महा मंत्री डा. कीर्ति आचार्य की अनुसंशा पर वर्ष 2027 मार्च तक के लिए की गई है. एवम जल्द ही जिला और शेष रही तहसील नियुक्तिया कर दी जावेगी।

# रमाकांत खंडेलवाल बने युवा वैश्य समाज कठूमर के अध्यक्ष

**मरुधर विशेष । दिनेश लेखी**



**कठूमर।** वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गोयल की अभिषंशा पर रमाकांत खंडेलवाल को युवा वैश्य समाज कठूमर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। और जल्दी ही अपनी कार्यकारिणी गठित कर समाज हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। रमाकांत खंडेलवाल बाबा लाल दास बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष व युवा वैश्य समाज में लम्बे समय से मंत्री पद का दायित्व निभा रहे हैं। और युवा वैश्य समाज के रक्तदान शिविरों व प्रतिभा सम्मान समारोह आदि कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पिता ओमप्रकाश खंडेलवाल ढाढी वाले भी काफी समय तक खंडेलवाल समाज व वैश्य समाज के अध्यक्ष रहे हैं। और सामाजिक योगदान के लिए उनको लाइफ अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।ऐसे में इनका परिवार सामाजिक दायित्वो को निभाने में अग्रणी रहा है।

## स्कूल व कॉलेज में साझेदार बनाने के नाम पर 93 लाख 19 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला नीमराना थाने में दर्ज कराया

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के गुगलकोटा गांव निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों के खिलाफ स्कूल में साझेदार बनाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला नीमराना थाने में दर्ज कराया है ।नीमराना थाना प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि सुनील सिंह पुत्र भंवर सिंह राजपूत निवासी गूगलकोटा तहसील नीमराना ने मामला दर्ज करवाया कि कमला कॉलेज ढीकवाड़ (मांडन)एवं डैफोडिल फाउंडेशन व डैफोडिल स्कूल के निदेशक हरेंद्र यादव, प्रिंसिपल रीना यादव पत्नी हरेंद्र यादव तथा कैशियर संदीप यादव, इन तीनों ने मिलकर मुझे कमला कॉलेज, डैफोडिल फाउंडेशन एवं डैफोडिल स्कूल में साझेदार बनाने का प्रलोभन देकर मुझसे 75 लाख रुपए नगद एवं 18 लाख 19 हजार रुपए बैंक के माध्यम से लिए। इन्होंने अपनी फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन जारी किया जिसमें मुझे को फाउंडर बताया गया । इन्होंने मुझे स्कूल कॉलेज एवं फाउंडेशन में आधे का हिस्सेदार बनाने के लिए आश्वस्त किया । लेकिन बार-बार कहने के बाद भी कोई कागजी कार्रवाई नहीं की 7 इन लोगों ने मेरे साथ धोखे से 93 लाख 19 हजार रुपए की राशि हड़प ली ।पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।



## गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय रसगन में कक्षा 8 वीं के बच्चों की विदाई और वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित




मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल ।** शहर की भांति ग्रामीण क्षेत्र में भी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाला खैरथल शहर के समीप गांव रसगन में संचालित गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय रसगन में कक्षा 8वीं की विदाई और वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति पेश कर जमकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूरन सिंह भाटी रिटायर्ड फौजी और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अंगद व ओम प्रकाश जांगिड़ द्वारा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों सहित बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सभी अतिथियों का विद्यालय के निदेशक दिनेश रामानी द्वारा फूल माला व साफा पहना कर स्वागत किया गया । विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा 8 के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सम्मानित अतिथिगण हरिराम रामानी, मुरलीधर रोचवानी,विनोद रामानी, नरेंद्र जांगिड़, गंगाराम पवार, भोलाराम पच, प्रहलाद पच सहित स्कूल के बच्चे और अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था को विद्यालय प्राचार्या श्रीमती अनीता रामानी ,अजय कुमार, ममता शर्मा ,राधिका शर्मा, रीना कुमारी, रेनू चौधरी, पूजा यादव ,निकिता शर्मा, मोनिका शर्मा और पूनम रोचवानी द्वारा बनाए रखी।

कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों ने आयोजित कार्यक्रम की जमकर सराहना की।

# जनहितकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रत्येक सभा में अवश्य शामिल हों : अशोक चौबे


## जिले की दूरस्थ ग्राम पंचायत जरौंधा में औचक निरीक्षण कर जांचा दस्तावेज संधारण

### समरसता दिवस पर आयोजित अनिवार्य ग्राम सभा में शामिल हुए अपर आयुक्त

मरुधर विशेष

**करन सोनी** एमसीबी। आपके लिए राज्य सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं निरंतर चला रही है। पात्र हितग्राही तक योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए जरूरी है कि आप सभी अपने ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाओं में जरूर शामिल हों। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और लोकसेवक आपको हर संभव मदद देने के लिए तत्पर हैं। उक्ताशय के विचार अपर आयुक्त मनरेगा अशोक कुमार चौबे ने ग्राम पंचायत जरौंधा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए व्यक्त किए।

अपने एक दिवसीय निरीक्षण प्रवास पर एमसीबी जिले में पहुंचे अपर आयुक्त मनरेगा ने निर्धारित कार्यक्रम को तोड़ते हुए अचानक ग्राम पंचायत जरौंधा का भ्रमण किया और योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया। इस



दौरान ग्राम पंचायत भवन में समरसता दिवस पर आयोजित अनिवार्य ग्राम सभा में भी शामिल होकर उन्होंने ग्रामीणों को ग्राम सभा के महत्व, सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया और आवास सर्वे की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण कर उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच से बात की और सहायक परियोजना अधिकारी, एसडीओ आरईएस और तकनीकी सहायक तथा ग्राम रोजगार सहायक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक रजत बंसल के निर्देश पर मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले में अपर आयुक्त मनरेगा अशोक कुमार चौबे ने



तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यपालन अभियंता शिवकुमार सिन्हा और महात्मा गांधी नरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी सहायक गोपाल हिरवानी भी उनके साथ रहे। अपर आयुक्त चौबे ने अपनी टीम के साथ सबसे पहले जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ और फिर जनपद खड़गंवा के ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया। सबसे पहले उन्होंने जनपद मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत महाराजपुर पहुंचकर हितग्राही विष्णु को मनरेगा से प्रदत्त शेड में सूकर पालन कार्य का निरीक्षण किया और हितग्राही से उसकी सूकर पालन गतिविधि के बारे में विस्तार से बातचीत की। पास ही गत वर्ष निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर उसमें मछली पालन करने वाले समूह की महिलाओं से संवाद किया। इसके बाद वह पंडो जनजाति के आवास हितग्राही श्री प्रवीण पंडो के निर्माणाधीन आवास को देखने पहुंचे। जनमन के हितग्राहियों के आवास के बाद उन्होंने अन्य पंचायतों में चेक डेम निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कूप निर्माण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से बन रहे सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया और वहां पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम लाई के सेग्रीगेशन सेंटर, कठौतिया के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य, लाई नर्सरी में वन विभाग की पौधा नर्सरी तैयारी कार्य, ग्राम कटकोना में मत्स्य पालन तालाब आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के साथ ही उन्होंने जिला स्तर पर प्रभारी सीईओ जिला पंचायत एमसीबी नितेश उपाध्याय की उपस्थिति में मैदानी अमले की एक बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश प्रदान किए। विशेष रूप से आज अपर आयुक्त महोदय ने खड़गवां जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम पंचायत जरौंधा में समरसता दिवस पर आयोजित अनिवार्य ग्राम सभा में शामिल होकर ग्रामीणों से संवाद किया और सभी ग्रामीणों को प्रत्येक ग्राम सभा में शामिल होकर अपनी बात रखने हेतु, आवास योजना के सर्वे में हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया। अपर आयुक्त महोदय ने ग्राम पंचायत में सात पंजी की जांच कर सभी को अनिवार्य रूप से नियमानुसार पंजी संधारण करने के निर्देश दिए। उनके इस भ्रमण में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संबंधित विभाग के अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जिला समन्वयक आवास, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा तकनीकी सहायक और अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**सरगुजा के बेवरापारा में 14 पहाड़ी कोरवा मिले डायरिया से पीड़ित**

## कलेक्टर विलास भोसकर ने गांव का दौरा कर पेयजल स्रोतों का जायजा लेने अधिकारियों दिए निर्देश





मरुधर विशेष

**करन सोनी अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोसकर ने मंगलवार को विकासखण्ड लुण्ड्रा के डायरिया प्रभावित क्षेत्र ग्राम चिरगा के बेवरापारा का दौरा किया। उन्होंने यहां पेयजल स्रोतों का जायजा लिया तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पानी का सैम्पल लेकर जांच कराए जाने निर्देशित किया। कलेक्टर भोसकर ने इस दौरान ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के सम्बंध में जागरूक करें, टीम अर्लट मोड में कार्य करें।

बताया जा रहा है कि बेवरापारा में कुल 27 पहाड़ी कोरवा परिवार हैं। यहां डायरिया की जानकारी मिलते ही कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड पर कार्य कर रही है। सीएमएचओ डॉ. पी.एस. मार्को ने बताया कि वर्तमान में डायरिया के 14 एक्टिव केस हैं। सभी को सीएचसी धौरपुर में भर्ती कराया गया है, मरीजों की स्थिति में सुधार है। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र में शिविर लगाया गया, स्वास्थ्य जांच के पश्चात एक्टिव पाए गए मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करायी गई हैं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। वहीं ग्रामीणों को स्वच्छता के सम्बन्ध में भी जागरूक किया जा रहा है।

## स्पंदना स्फूर्ति फायनेंस लिमिटेड के लोन गबन के आरोपी को पुलिस ने विश्रामपुर से किया गिरफ्तार, आरोपी लोन मैनेजर के रूप में करता था कार्य

मरुधर विशेष

**करन सोनी** जशपुर। पुलिस ने स्पंदना स्फूर्ति फायनेंस लिमिटेड बगीचा के लोन गबन मामले में आरोपी सूरज कुमार भारती को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने फायनेंस कंपनी के 2,69,051 रुपये (दो लाख उनहत्तर हजार इन्क्यावन) का गबन किया। आरोपी को विश्रामपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल 2025 को स्पंदना स्फूर्ति फायनेंस लिमिटेड बगीचा शाखा के मैनेजर नरेंद्र साहू ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि उनके शाखा के कर्मचारी सूरज कुमार भारती और उसके साथी ने फायनेंस कंपनी का धन गबन किया। जांच के दौरान यह पाया गया कि सूरज कुमार भारती लोन सेक्सन का काम देखता था और उसने महिला हितग्राहियों से लोन की



किस्तें इकट्ठी की, लेकिन वह राशि बैंक खाता में जमा नहीं कर रहा था। इस मिलीभगत के कारण कुल 2,69,051 रुपये का गबन किया गया। एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने इस मामले में कार्रवाई के लिए निरीक्षक संतलाल आयाम के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और आरोपी सूरज कुमार भारती को विश्रामपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में अपने साथी के साथ गबन को स्वीकार



किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल और 5,000 रुपये भी जप्त किए हैं। एक सहआरोपी अभी भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम सरगर्मी से छापेमारी कर रही है।

SSP जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है उक्त गबन के आरोपियों की पुलिस द्वारा सरगर्मी से पतासाजी की जा रही थी, 01 आरोपी सूरज कुमार भारती को विश्रामपुर से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है, दूसरा फरार आरोपी भी जल्द गिरफ्त में होगा।"

## सुशासन तिहार में मिले आवेदनों की तेजी से करें ऑनलाइन एंट्री और निराकरण: डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी






मरुधर विशेष

**करन सोनी** कोरिया। जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने की। डॉ. चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिलेभर से लगभग 62 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र से 49 हजार, सोनहत से 10,300, तथा नगर पालिका बैकुण्ठपुर, शिवपुर-चरचा व नगर पंचायत, पटना से लगभग 2,100 आवेदन समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा 3,300 आवेदन ऑनलाइन भी प्राप्त हुए हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों की शीघ्र ऑनलाइन एंट्री कराई जाए, ताकि समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। इसके लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों के माध्यम से विभागवार एंट्री कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं जिन कम्प्यूटर ऑपरेटर को एंट्री करने का दायित्व सौंपा गया है, उस कार्य की सतत निगरानी रखें और सभी आवेदन सप्ताह के भीतर एंट्री कराया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल आवेदन की प्रविष्टि ही नहीं, बल्कि उनका त्वरित निराकरण भी अनिवार्य है। साथ ही आवेदकों को सम्बंधित कार्यवाही की जानकारी देना भी आवश्यक है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिल सके। डॉ. चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है, उन मामलों की जानकारी शासन व संचालनालय को अवगत कराई जाए। वहीं, यदि कोई आवेदन अपूर्ण स्थिति में प्राप्त हुआ हो, तो संबंधित आवेदकों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाए।

अंत में उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है और इसमें सभी अधिकारियों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

# कलेक्टर ने अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश

मरुधर विशेष

**करन सोनी** बलरामपुर। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कटारा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, विभागीय गतिविधियों, राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों तथा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने सुशासन तिहार की समीक्षा करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान करना है, जिसके लिए प्रत्येक विभाग गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। कलेक्टर कटारा ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त समस्त आवेदनों का व्यवस्थित संकलन के साथ ही शीघ्र डिजिटल प्रविष्टि (एंट्री) सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे संबंधित विभागों को समय रहते आवेदनों को भेज दें, ताकि उनका शीघ्र और सुनियोजित तरीके से समाधान किया जा सके।



कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समाधान न केवल समय पर बल्कि गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आवेदनों की प्रविष्टि और समाधान की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगी। कलेक्टर कटारा ने अवैध रेत उत्खनन एवं अतिक्रमण पर अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध खनन की गतिविधियों पर सतत निगरानी करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए जो नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से रेत का उत्खनन, परिवहन या संग्रहण कर रहे हैं। कलेक्टर कटारा ने शासकीय भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश की हटाए गए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण दोबारा न हो, इसके लिए नियमित निगरानी की जाए। बैठक में राजस्व संबंधित लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कटारा ने निर्देश दिए कि कोई भी राजस्व प्रकरण अधिक समय तक लंबित ना रहे। राजस्व प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करते हुए निराकृत किए जाएं। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही की मॉनिटरिंग करने को कहा। श्री कटारा ने राजस्व दस्तावेजों में अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, बंटवारा, सीमांकन, भू अर्जन के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों के कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए वांछित प्रगति लाएं। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय योजनाओ की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुँचे, इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से फील्ड विज़िट करें, शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है किवास्तविक लाभ धरातल पर लोगों को मिले इसके लिए योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर. एस. लाल सर्व अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कही गाय भी विलुप्तता की श्रेणी में ना हो जाय शामिल, हर घर में हो एक देशी गाय - विधायक श्री हरि गौशाला धनपुर में 300 उत्पाद तैयार करने विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन संपन्न

मरुधर विशेष

**करन सोनी** एमसीबी। जिले में जैविक खेती और किसानों को प्रशिक्षण देने के दूरगामी सोच को लेकर श्री हरि गौ शाला में चिंतन मनन और सामूहिक रूप से सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने ग्राम धनपुर के गौशाला में बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री समेत चिरमिरी नगर पालिक निगम के महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, संघ संचालक कोरिया, विभाग संघ संचालक, सह विभाग संघ संचालक और पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व जनपद अध्यक्ष समेत कई हस्तियां शामिल हुई। ज्ञात हो कि 2016, 2017 में श्री हरि गौ शाला की नींव रखी गई थी किंतु अपरिहार्य कारणों से पूर्ण रूप से विस्तार नहीं हो सका था लेकिन गौशाला समिति ने अब आगामी कुछ माह में चालू करने का निर्णय लिया है। बताया गया कि श्री हरि गौशाला जन सहयोग के माध्यम एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में संचालित करने की मंशा गौशाला समिति रखती है। समिति इस गौशाला से आय अर्जन करने की बजाय निराश्रित, दुर्बल गायों की सेवा से पुण्य लाभ अर्जन करने का प्रयास है और गोबर तथा गौमूत्र से भारत में बनने वाले लगभग 300 प्रॉडक्ट्स तैयार कर गौशाला को स्वावलंबी बनाने की दिशा में आज की बैठक आयोजित की गई थी। इसके साथ ही बताया गया कि यहां सेवा भावना के साथ साथ किसानों को जैविक खेती से होने



वाले फायदों की जानकारी देकर एक बड़ा प्रशिक्षण केंद्र में विस्तार करने की योजना है जिसका उपस्थित अतिथियों ने सहस्र सहयोग करने की बात स्वीकार की। विदित हो कि 2016 से गौशाला की जब से नींव रखी गई है तब से यहां कुछ ना कुछ काम होता चला आ रहा है किंतु सुचारू रूप से आज भी गौशाला प्रारंभ नहीं हो सका है इसी तारतम्य में बैठक आयोजित कर आगामी दो तीन माह के भीतर प्रारंभ करने की दिशा में विचार साझा किए गए। बैठक में आए जिला संघ संचालक कोरिया नीरज कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज रासायनिक खाद हमारे जीवन को काफी हद तक प्रभावित कर रही है, आप देखते और सुनते होंगे कि हमारे देश प्रदेश और जिले में कई ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने अपने जीवन काल में किसी प्रकार का व्यसन नहीं अपनाया फिर भी वे बड़ी बीमारी शुगर, थायराइड, रक्तचाप, कैंसर से पीड़ित है, इसकी बड़ी वजह रासायनिक



खाद है। देशी गायों से मिलने वाला दूध, दही और घी जबकि इन रोगों में मदद करता है बाबजूद चिकित्सक परहेज करने की सलाह देते है क्योंकि अब ज्यादातर दूध, दही और घी विदेशी नस्लों से प्राप्त होता है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की बजाय नुकसान करता है। भारत में ही देशी गायों के गोबर और गौमूत्र से लगभग 300 प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे है जो हमेशा ही औषधिक रूप में प्रयोग किया जाता है तो आने वाले समय की परिकल्पना को लेकर इस श्री हरि गौशाला प्रकल्प को इसी दिशा में विकसित करने का विचार हम सब का है। प्रशिक्षण देकर किसानों को उनके खेती में लाभ मिलेगा और जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा इससे हमारा यह प्रकल्प आस पास के सटे जिलों का इकलौता केंद्र बनेगा। इसी प्रकार विभाग संघ संचालक, सह संचालक तथा पशु चिकित्सक ने सरकार की तरफ से पशु पालन से मिलने वाली सहायता के बारे में अपनी राय दी। इस अवसर पर 2016 से अपनी अहम भूमिका निभाने वाले स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बीते 05 सालों में प्रकल्प के विस्तार में थोड़ी रुकावट जरूर आई है लेकिन अब सबके सहयोग से जल्द ही प्रकल्प को प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल प्रकाश की व्यवस्था के अनुरूप विधायक निधि से एक ट्रांसफर लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है इसके साथ ही धनपुर सरपंच द्वारा सुसज्जित सामुदायिक भवन निर्माण करा दिया जाएगा जिससे यहां आने वाले लोगों को रुकने या अन्य जरूरतों के लिए जद्दोजहद करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जायसवाल ने इस बीच श्री हरि गौशाला को जमीन दान करने वाले परिवार को श्रीफल भेंट कर सम्मानित करने का भी काम किए। चिंतन मनन की बैठक में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि धनपुर गांव का यह श्री हरि गौशाला जिसका हम लोग 2016 से निर्माण कर रहे है लेकिन अब अंतिम घड़ी आ गई है जब हम लोग इसकी शुरुआत करने वाले है और आज इसी को लेकर चिंतन मनन की बैठक आयोजित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इन नौ सालों में समिति ने ना हार माना है ना रार माना है निरंतर आगे बढ़ाने का काम किए है। श्री जायसवाल ने आगे एक चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जैसा बताया जा रहा की गौशाला की शुरुआत धनपुर गांव के 100 गायों से की जाएगी जो जन सहयोग से किसान हमे देंगे इस पर उन्होंने कहा कि यह पहले का चिन्हांकन हो सकता है लेकिन अब गांव में भी गायों की संख्या बड़ी तेजी से घटी है शायद पूर्व में जो आप लोगों के द्वारा चिन्हांकन करीब 1100 गायों की हुई थी वो भी अब घटकर 300 से 400 के आसपास ही होगी क्योंकि अब लोग गाय को चराना नहीं चाहते है खेती बाड़ी के समय दूर जंगलों की ओर गायों को खदेड़ रहे है और ऐसा ना हो कि देशी गाय विलुप्त प्रजाति की श्रेणी में शामिल हो जाय इसलिए गायों का संवर्धन जरूरी है। वैसे भी हमारे सनातन धर्म में गौ माता की जो महिमा है उसके बिना हमारा कोई भी काम शुरू नहीं हो सकता है। धार्मिक अनुष्ठान हो या जीवन जीने के लिए आवश्यक तत्व दोनों में गायों की बड़ी महता है। उन्होंने आगे कहा कि बड़ी चिंताजनक बात है जब मैं देखता हु कि मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा है वो भी बिना दूध के यानि रासायनिक रूप से केमिकल वाला पनीर बाजार में खपाने के लिए तैयार किया जाता है और मैं उस विभाग का मंत्री हूं तो ऐसे में लगता है कि प्रदेश में श्री हरि गौशाला की तर्ज पर गाय के संवर्धन की आज जरूरत है और प्रत्येक घर में अपने उपयोग के लिए कम से कम एक देशी गाय का पालन होना चाहिए। अंत में श्री जायसवाल ने समाज से अपील करते हुए कहा कि प्रारंभ में करीब 10 से 12 लाख रुपए की आवश्यकता है तो जिनको भी सहयोग करना है आने वाले 15 दिनों के भीतर में कर दे ताकि बरसात से पूर्व भूसा चारा और सेड जैसे निर्माण को गति दिया जा सके, इसके साथ उन्होंने स्वयं हर संभव मदद एक जनप्रतिनिधि के रूप में करने का आश्वासन समिति को दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रणव चक्रवर्ती, जगलाल सिंह,मोतीलाल अध्यक्ष हरि गौशाला, ललितेश , महापौर नगर निगम चिरमिरी राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, सोनमति ऊरवे पूर्व जनपद अध्यक्ष खड़गवा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वीरेंद्र सिंह करियांम, सरपंच सागर सिंह धनपुर, अरुणोदय पांडे, द्वारिका जायसवाल, सुरेश साहू, अभय जायसवाल, धनंजय पांडे, काकू दा, शिलाकांत झा, विवेक द्विवेदी, पशु चिकित्सक अजगले सहित भारी संख्या में ग्रामीण तथा गौसेवक उपस्थित रहे।



# काउंसिलिंग से पदस्थापन में अपग्रेड फार्मूला लागू करने की उठी मांग काउंसिलिंग प्रक्रिया में विसंगति को दूर कर पदोन्नत व्याख्याताओ की दी जावे राहत

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

**बांसवाड़ाः** राज्य के शिक्षा एवं अन्य विभागों में कर्मचारियों को पदोन्नति पर पदस्थापन देने में नीट यूजी एमबीबीएस चयनित अभ्यर्थियों को सीट आवंटित किए जाने की भांति अपग्रेड फार्मूला लागू किये जाने की मांग को लेकर राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस बांसवाड़ा ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री को पत्र भेजकर काउंसिलिंग की वर्तमान प्रक्रिया में विसंगति के चलते शिक्षको व कार्मिको की पीड़ा से अवगत करवाया।साथ ही सुझाव प्रेषित कर काउंसिलिंग प्रक्रिया को शिक्षक व कर्मचारी हितैषी व पारदर्शी बनाने की मांग की है।राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस बांसवाड़ा के जिलाध्यक्ष अनिल पंड्या एवं जिला संगठन मंत्री गमीरचंद पाटीदार ने बताया कि वर्तमान में काउंसिलिंग प्रक्रिया में विसंगति के कारण पदोन्नत व्याख्याताओ को दूरस्थ पदस्थापन स्थान लेने मजबूर होना पड़ा है। पंड्या ने पत्र में अवगत करवाया कि राज्य में सभी विभागों में नियुक्ति अथवा पदोन्नति पर पदस्थापन स्थान देने में अपग्रेड फार्मूले को अपनाया जाना चाहिए। जिस प्रकार नीट यूजी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एमबीबीएस के लिए कालेज व सीट आवंटन के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया अपनाई जाती है उसी भांति शिक्षको व कर्मचारियों के लिए भी अपग्रेड फार्मूले का उपयोग कर पदस्थापन दिए जाने की कार्यवाही की जानी चाहिए।महासंघ के जिला संगठन मंत्री श्री गमीरचंद पाटीदार ने बताया कि हाल ही में वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति पर पदस्थापन दिए जिनमे पदोन्नत व्याख्याताओ ने पदस्थापन स्थान के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग में भाग लेकर वरीयता के क्रम में रिक्त पद पर पदस्थापन की मांग की। किन्तु कई पदोन्नत व्याख्याताओ ने दो से अधिक विषयो में पदोन्नति प्राप्त की थी जिन्हें दो से अधिक पद पर पदस्थापन स्थान दिया गया।जिस विषय मे उसे जॉइन करना सुविधाजनक लगा उसको छोड़कर अन्य विषय मे मिला पदस्थापन स्थान रिक्त रहा किन्तु उक्त रिक्त पद पर वरीयता दूसरे नंबर पर रहे व्यक्ति जिसने वह स्थान मांग था किंतु वरीयता में पीछे रहने के कारण नहीं मिल सका उसके साथ अन्याय हो गया।ऐसे एक से अधिक विषयो में पदोन्नति देने के कारण जॉइन करने के विषय को छोड़कर शेष विषय के लिए पुनः काउंसिलिंग का सेकंड राउंड आयोजित किये जाने की व्यवस्था होनी अत्यावश्यक थी। पदस्थापन मिलने से किसी एक विषय मे जॉइन किया तथा शेष अन्य विषय में जॉइन नहीं करने से वह पद रिक्त रह गया। इसी प्रकार सेवानिवृत्ति के करीब होने अथवा फोरगो करने के कारण भी पद खाली रह गए है। इस प्रकार व्याख्याता के खाली रहे पदों पर उन्ही विषयों के अन्य शिक्षको ने भी अपनी वरीयता के क्रम में पदस्थापन मांगा था। किंतु वरीयता में आगे रहने वाले पदोन्नत व्याख्याता के द्वारा एक से अधिक विषय के व्याख्याता में नाम आने से वरीयता में पीछे रहे व्याख्याता को उक्त रिक्त पद से अकारण वंचित रहना पड़ा है।

यदि शिक्षक एक से अधिक विषयो में से अपने इच्छित किसी एक विषय में जॉइन करने का निर्णय करता है।ऐसे में अन्य विषयो मे जिसमे उसने जॉइन नही किया है वह रिक्त रह जाता है। ऐसे में द्वितीय वरीयता वाले शिक्षक जिसने उक्त रिक्त रहे पद पर पदस्थापन माँगा था। किन्तु दो विषय मे पदोन्नत होने वाले उससे वरिष्ठतम शिक्षक द्वारा दो या उससे अधिक विषयो में पदस्थापन प्राप्त किये जिसके कारण वरीयता पीछे रहने वाले शिक्षको वांछित पदस्थापन स्थान नहीं मिल पाया।ऐसे में अपग्रेड फार्मूला के उपयोग से इन्हें द्वितीय अवसर दिए जाने की व्यवस्था करना शिक्षको के लिए हितकर रहेगा। पाटीदार ने बताया कि कुल पदस्थापन के 20 प्रतिशत पद उचित स्थान नहीं मिलने से फोरगो करने पर तथा एक से अधिक विषयो में स्नातकोत्तर होने से उन सभी विषयों में व्याख्याता पद पर पदोन्नति व पदस्थापन मिलने के कारण अपने इच्छित विषय के व्याख्याता पद पर जॉइन करने पर एक को छोड़कर अन्य विषयो में मिली पदोन्नत के पद रिक्त रह जाते है। उदाहरण से जाने पीड़ा कार्यकारी जिलाध्यक्ष डाक्टर लोकेश पाटीदार ने बतौर उदाहरण अवगत करवाया कि मान लीजिये खांदूकालोनी में कार्यरत कल्पना जैन वरिष्ठ अध्यापिका जिन्हें संस्कृत व हिंदी विषय मे पदोन्नति मिली है। उन्हें व्याख्याता हिंदी विषय में कुपडा तथा संस्कृत विषय में सुन्दनपुर पदस्थापन स्थान मिला। ऐसे में वह कुपडा में जॉइन करती है तो संस्कृत विषय मे सुंदरपुर का पद रिक्त रह जाता है।ऐसे में सुंदरपुर के रिक्त पद पर वरीयता में सुंदरपुर मांगने वाले अन्य पदोन्नत व्याख्याताओ को पदस्थापित करने की व्यवस्था वर्तमान में नही है। खाली रहे पदों पर वरीयता को आगे बढ़ाते हुए पदस्थापन देना ही अपग्रेड फार्मूला कहा जाता है। अतः अपग्रेड फार्मूला अपनाकर पदस्थापन दिया जाना शिक्षको व कर्मचारियों के हित मे है।इस प्रकार दोहरे विषयो मे पदोन्नति पर पदस्थापन के बाद किसी एक विषय मे जोइनिंग के उपरांत खाली रहे विषयो के पदों पर काउंसिलिंग के द्वितीय व तृतीय राउंड के द्वारा पदस्थापन स्थान दिया जाना चाहिए। क्या है अपग्रेड फार्मूला महासंघ के संगठन मंत्री वनेश्वर गर्ग ने बताया कि यदि किसी कार्मिक को एक से अधिक पदों पर पदोन्नति मिली तो उसे अपने इच्छित पदस्थापन स्थान पर जॉइन करने की चॉइस को लॉक कर शेष विषयो में मिले पदस्थापन को छोड़ने का ऑनलाइन विकल्प दिया जाये ताकि शेष रिक्त पदों पर अन्य पदोन्नत कार्मिक को पदस्थापन स्थान दिए जाने का अवसर प्रदान किया जा सके।तथा काउंसिलिंग के दूसरे व तीसरे राउंड के द्वारा पदस्थापन स्थान प्रदान दिया जाकर राहत दी जा सके। यह भी समस्याएं जिला महामंत्री रमेश व्यास ने कहा कि व्याख्याता पदोन्नति में कई शिक्षक दो विषय मे चयनित किये गए। उन्हें यथा स्थान एक विषय मे ज्वाइन करवाया गया।काउंसिलिंग में मिली दोनों विषयो में पदस्थापन।उन्हें किस विषय मे रिलीव किया जावे। जबकि उसे किसी एक विषय में पूर्व में यथास्थान जॉईन करवाया गया।इन्हें अब किस विषय मे रिलीव किया जावे। दूसरी ओर वरीयता में आगे होने तथा अपने जिले में पद खाली नहीं होने के कारण अन्य जिलों में पदस्थापन स्थान दिए गए। ऐसे में गृह जिले के मूल निवासियों को दूरस्थ पदस्थापन मिला। वरीयता में आगे रहने वाले पदोन्नत कतिपय व्याख्याताओ को अपने गृह जिले में रिक्त पद कम खोले जाने के कारण अन्य जिलो में शहर के आसपास पदस्थापन स्थान मिला ।उन सभी पदों पर गृह जिले के पदोन्नत व्याख्याता को वरीयता में पीछे होने के कारण दूरस्थ स्थान पर जाना पड़ा। ये जानकारी अनिल पंड्या ने दी।

## मानस स्तंभ पंच कल्याण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** नोगामा मे मानस स्तंभ पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का वार्षिकोत्सव आज बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया आज प्रातः 1008 आदिनाथ मंदिर, भगवान महावीर समवशरणशरण, सुखोदय, तीर्थ क्षेत्र नसिया जी, मैं विशेष शांति धारा अभिषेक के पश्चात आदिनाथ मंदिर के सामने स्थित 41 फीट ऊंचे मानस्तम में विराजमान प्रतिमाओं का प्रथम अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य गांधी मनीष सुरेश चंद्र गांधी, दिनेश चंद्र कांतिलाल, गांधी अति वीर अतिशय राजेंद्र, पिंडारमिया निलेश जीतमल एवं मानस स्तंभ पर धर्म ध्वजा चढ़ाने का सौभाग्य पिंडारमिया माहिम राजेश छगनलाल जी को चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस अवसर पर विधानाचार्य रमेश चंद्र गांधी भरत पंचोली वीना दीदी के सानिध्य में भगवान आदिनाथ की पूजन बड़े भक्ति भाव से वाद्य यंत्रों के मधुर सवर लहरों के साथ की गई उसके पश्चात मानस्थान में स्थित चारों प्रतिमाओं का बारी-बारी से 108 कलशो अभिषेक किया गया किया गया महिला मंडल द्वारा मंदिरजी में 48 दीप विधान के दीप प्रज्वलित किए गए शाम को जैन पाठशाला के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए उक्त जानकारी जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी द्वारा दी गई आभार की रस्म कोषाध्यक्ष रमन लाल जैन द्वारा की।

# शाहजहांपुर नीमराना ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी ने उपखंड क्षेत्र की पीएचसी,सीएचसी का औचक किया निरीक्षण

**अनुपस्थित कर्मचारी एवं बंद केंद्र के प्रभारी को कारण बताओ दिया नोटिस**

**गिगलाना,कोलीला स्वास्थ्य केंद्र मिले बंद**





मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** शाहजहांपुर नीमराना ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश यादव के द्वारा मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र में सीएचसी,पीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। प्रतापसिंहपुरा,बिचपुरी,कोलीला, बांटखानी,फौलादपुर,गिगलाना, मांडन पीएचसी सीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया।बीसीएमओ डॉक्टर सुरेश यादव ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य केंद्र बंद मिले जबकी कई कार्मिक बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। गिगलाना व कोलीला स्वास्थ्य केंद्र बंद मिले जबकि फौलादपुर में एएनएम,मांडन में डॉ. हितेश बिना सूचना के अनुपस्थित मिले।बंद स्वास्थ्य केदो के प्रभारी एवं अनुपस्थित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस देने की प्रक्रिया की गई तथा औचक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र साफ सफाई को लेकर भी निर्देशित किया गया तथा कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति सजग रहकर पाबंद किया गया। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर अच्छी तरीके से आमजन को लाभ पहुंचाने को लेकर निर्देशित किया गया जबकि आवश्यक दस्तावेज की जांच की गई। इस अवसर पर बीसीएमओ डॉक्टर सुरेश यादव के साथ बीपीएम नरेंद्रपाल सिंह सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# बानसूर के रामपुर में आज प्रसिद्ध प्रेमदास जी महाराज का विशाल मेला बड़े ही धूमधाम से भरवाया गया। सुबह से मंदिर में श्रदालुओं की भीड लगी। श्रद्धालुओं ने बाबा के मंदिर में पुजा अर्चना कर धोक लगाई

मरुधर विशेष



**प्रेमदास** जी महाराज की आसपास के गांवों में बड़ी मान्यता है। यहां मेले के दिन प्रत्येक घर में बाबा की ज्योत देखी जाती है और खीर चूरमे का भोग लगाया जाता है। मेले में सैकड़ों की संख्या में बच्चों के खिलौने, चाट पकौड़े और झूले लगाए गए। मेले में आने वाले लोगों ने झूलों का जमकर आनंद लिया।

मेला कमेटी की ओर से मेले की व्यवस्था को लेकर खास इंतजाम किए गए। मेला परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था और जगह जगह ठंडे पानी की व्यवस्था करवाई गई। वही शाम को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के सहयोग और मेला कमेटी की ओर से 51 रूपये से लेकर 21 हजार रूपये तक की कुश्तियों का आयोजन किया गया। अंतिम कामडे की कुश्ती रामवतार मीणा पुत्र भीखाराम मीणा की ओर से 21 हजार रूपये की हुई। कामड़े की कुश्ती विकास पहलवान टोडीया का बास ओर आशु मोकलवास के बीच कामड़े की कुश्ती में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस दौरान विकास पहलवान ने कामड़े की कुश्ती जीती। इस दौरान रामवतार मीणा की तरफ से विजेता पहलवान को 21 हजार रूपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सरपंच मुकेश जिलोवा, सबलपुरा सरपंच बिजेंद्र यादव, कमेटी अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य रामवतार शर्मा,पूर्व सरपंच रघुवीर चौधरी, भाजपा नेता नितिन यादव,हवासिंह चौधरी, रामवतार मीणा, पुरुषोत्तम मेघवाल, उमेश मीणा, उत्तम सिंह मीणा, महेश सैनी

## पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का कुशलगढ़ नगर में आगमन, शोक संवेदना एवं आमजन से भेंट

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** दिनांक 15 अप्रैल 2025 को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक माननीय श्री गुलाबचंद कटारिया जी का कुशलगढ़ नगर में गरिमामय आगमन हुआ। माननीय राज्यपाल महोदय सर्वप्रथम स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह जी तंवर के निवास पर पहुंचे। जहाँ उन्होंने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिवार के योगदान को स्मरण किया। इसके पश्चात श्री गुलाबचंद कटारिया बीजेपी के वरिष्ठ नेता करणीसिंह राठौड़ के निवास पर पहुंचे। जहाँ उन्होंने नगर के नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से आत्मीय भेंट की।नगरवासियों ने राज्यपाल महोदय से विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की तथा उनके अनुभवों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



## धौलागढ़ मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई

## एसडीएम ने मेला ग्राउंड का किया निरीक्षण, मेला कमेटी को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

मरुधर विशेष। दिनेश लेखी

**कठूमर।** देवी धौलागढ़ के 18 अप्रैल से लगने वाले? लख्खी मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम श्याम सुन्दर चेतीवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। मेला मजिस्ट्रेट तहसीलदार होंगे। बैठक में श्रद्धालुओं की जान माल की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, प्राथमिक सुविधाएं रखने, अग्निशमन व? अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं अलर्ट मोड़ पर रखने आदि चर्चा हुई। इस मौके पर अधिकारियों ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया और मेला कमेटी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जगह जगह बेरिकेडिंग लगाई जायेगी। पार्किंग व्यवस्था अलग-अलग सड़कों पर की जायेगी। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक कैलाश जाट, तहसीलदार मदन जाट, बहतुकला एसएचओ संजय शर्मा, बीसीएमओ रविराज सिंह, सरपंच रामचरण यादव, ग्राम विकास अधिकारी सूर्य कुमार शर्मा, विकास अधिकारी बच्चू सिंह मीणा, धोलागढ़ देवी ट्रस्ट समिति के सदस्य, हल्का पटवारी आदि मौजूद थे।



# राशन वितरण में बड़ा फर्जीवाड़ा! 144 हितग्राहियों का हक मारने वाले सहायक विक्रेता और तौलक गिरफ्तार

मरुधर विशेष





**करन सोनी** बलरामपुर। जिले के रघुनाथनगर पुलिस ने शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न वितरण में भारी अनियमितता और गबन के मामले का पर्दाफाश करते हुए सहायक विक्रेता और तौलक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बेबदी की शासकीय उचित मूल्य दुकान में मार्च 2025 में 144 हितग्राहियों से ई-पास मशीन में अंगूठा लगवा कर चावल नहीं दिया गया। इस घोटाले की शिकायत खाद्य निरीक्षक निखिलेश टेम्भुरने द्वारा की गई, जिनके आवेदन पर थाना रघुनाथनगर में अपराध क्रमांक 39/2025 दर्ज कर धारा 316(5), 318(4), 61 (2) बीएनएस व 3,7 ईसी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

जांच में सामने आया कि दुकान के सहायक विक्रेता संतोष कुमार पण्डो (27 वर्ष) और ग्राम के कन्हैया लाल पण्ड (42 वर्ष), जो तौलक का कार्य करता था, ने मिलकर खाद्यान्न गबन किया। सहायक विक्रेता ने स्वयं स्वीकार किया कि उसने मार्च माह में 144 हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित नहीं किया और पिछले तीन वर्षों में कन्हैया लाल को 22 क्विंटल चावल तौलने के एवज में दिया गया। साथ ही, पूर्व सरपंच के पति ने भी यह स्वीकार किया कि सामाजिक आयोजनों में बिना राशन कार्ड चावल का वितरण किया गया। स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर और ई-पास मशीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड के मिलान में पाया गया कि मार्च माह में लगभग 44 क्विंटल चावल, जिसकी अनुमानित कीमत 1,76, 000 रूपये, का वितरण नहीं किया गया। यह गबन हितग्राहियों के अधिकारों का खुला हनन था। विवेचना के दौरान सभी दस्तावेजी साक्ष्य एकत्रित कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण की जांच अभी भी जारी है।

# कुशलगढ़ नगर और क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर सामाजिक संगठन और लोगों की बैठक

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** आज पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह तंवर के निवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे श्रद्धांजलि देने के बाद उन्होंने करणी सिंह राठौड के निवास पर कुशलगढ़ नगर और क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर सामाजिक संगठन और लोगों की बैठक लेकर कुशलगढ़ नगर और क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली राज्यपाल महोदय को नगर वासियों ने समस्या बताते हुए बताया कि कुशलगढ़ से 13 किलोमीटर दूर 8 लाइन हाईवे निकाला हुआ है कुशलगढ़ की जनता को 13 किलोमीटर की सड़क कि हालत खराब और जर्जर हो रही है जिसको एट लाइन हाईवे तक नई सड़क बनाने की मांग की इसी प्रकार कुशलगढ़ से गुजरात सीमा तक सड़क खराब हो रही है जिसको भी नहीं सड़क बनाने की मांग रखी क्षेत्र में जनता जल योजना की जो टकिया बनाई गई है उनसे क्षेत्र में पानी मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी प्राप्त की और राज्यपाल ने नगर और क्षेत्र की समस्याओं के बारे में लिखित में देने को कहा है जिससे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर ओम पालीवाल करणी सिंह राठौड़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष लीला पडियार नगर मंडल अध्यक्ष रेखा जोशी हकरु मईडा गोविंद सिंह राव कैलाश मीणा दीपसिंह वसुनिया सूर्य सिंह लबाना एडवोकेट मनोज चौहान नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र अहारी पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहनलाल राहुल सोनी दिलीप टेलर महावीर कोठारी नरेश गादीया दिलीप पटेल राजेश सोलंकी सरदार सिंह भुर्जी भाई देवीलाल रितेश गादीया रिंकू पंड्या नितिन सोलंकी सुनील शर्मा ललित गोलछा सहित कई नगर वासी और सामाजिक संगठन के लोग राज्यपाल महोदय को नगर और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

# लोकेश जैन बने वैश्य समाज कठूमर के अध्यक्ष

मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर।** वैश्य महासम्मेलन अलवर के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गोयल की अभिशंषा पर कठूमर निवासी लोकेश जैन को वैश्य समाज कठूमर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। और जल्दी ही अपनी कार्यकारिणी गठित कर समाज हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश जैन काफी लम्बे समय से युवा वैश्य समाज के अध्यक्ष रहे हैं।और उन्होंने अनेक सामाजिक कार्यक्रम अपने कुशल नेतृत्व में संपन्न करायें है।गत चार साल से रक्तदान शिविर व फरवरी में वरिष्ठजन सम्मान समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित कराए हैं। जिला अध्यक्ष ने उनकी कार्य करने की क्षमता को देखकर ये जिम्मेदारी सौंपी है। इनकी नियुक्त होने पर अनेक लोगों ने खुशी जताई है।



# छात्रा पूजा यादव ने महाविद्यालय का किया नाम रोशन



मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग से अध्ययन प्राप्त पूजा पुत्री राकेश कुमार यादव ने सत्र 2024-25 में एमएससी फाईनल में महाविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूजा यादव ने वर्ष 2022 में बीएससी में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने पूजा यादव की इस सफलता पर बधाई दी और आगामी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्य ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। साथ ही डॉ. मधु नागर, डॉ. पी. सी. जाट, सुरेश कुमार यादव, देशराज यादव, डॉ. सत्यवीर सिंह, डॉ. विकास यादव आदि संकाय सदस्यों ने पूजा यादव को बधाई दी।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**पुलिस द्वारा जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जिला कोटपूतली-बहरोड़ में पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में पुलिस एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रुप से एक विशेष जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मंगलवार को पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विघालय कोटपूतली में आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय विधालय के अलावा राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय बड़ाबास, राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय कोटपूतली, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय अमाई, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय फतेहपुरा कलां, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय बहरोड़, इम्मानुअल मिशन सैकण्डरी स्कूल के विधार्थी उपस्थित रहें। क्विज प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्नपत्री की गई। जिसमें राजस्थान पुलिस के बारे में सामान्य जानकारी, राजस्थान पुलिस संगठन की संरचना एवं कार्यप्रणाली, नवीन आपराधिक कानून, राजस्थान पुलिस द्वारा संचालित (राजकॉप नागरिक एप की जानकारी), यातायात नियमों की जागरुकता, साईबर अपराध एवं साईबर सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी, महिला सुरक्षा से संबधित सामान्य जानकारी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरूस्कार स्वरुप नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र बुधवार को रिर्जव पुलिस लाईन में प्रदान किये जायेगें। कार्यक्रम का संचालन कन्या गौड़ ने किया। इस मौके पर एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, थानाधिकारी राजेश शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश सिंह, राकेश कुमार, सोहन लाल यादव, कविता, एवं शिक्षा विभाग से सुमित्रा देवी, निशा देवी, रीमा रैवाल, सरिता, सन्तोष शर्मा, पुष्पा समेत अन्य मौजूद रहे। वृक्षारोपण व की साफ-सफाई :- इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, एएसपी कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, रिर्जव पुलिस लाईन एवं थानों व चौकीयों में साफ-सफाई कर वृक्षारोपण किया गया।

## धौलपुर भरतपुर और डीग जिले से 230 यात्री जाएंगे हज पर

## कामां में बड़ा मदरसा पर 23,-4,-2025 तारीख को किया जाएगा हज यात्रियों को टीकाकरण

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** कामां -कामां में मंगलवार को कार्यालय हज कमेटी जिला भरतपुर डीग जिले की कमेटी ने हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को टीकाकरण करवाने के लिए कामा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को टीम गठित किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है हज कमेटी के जिला संयोजक मुंशी खान गिरदावर ने बताया कि अबकी बार धौलपुर भरतपुर और डीग जिले से 230 हज यात्री हज पर जा रहे हैं जिनको कामां के बड़ा मदरसा पर 23 -4- 2025 को टीकाकरण प्रशिक्षण केंद्र पर टीकाकरण किया जाएगा एवं हज यात्रियों को हज के बारे में संपूर्ण जानकारी भी दी जाएगी कैंप का आयोजन 23.4.25 को सुबह 8:00 बजे से 5:00 तक किया जाएगा

# पी.एम.श्री. विद्यालय,बावल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 16वीं सामूहिक चर्चा का सफल आयोजन

**मरुधर विशेष सुनीता सैनी**

**बावल** पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,मे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रदीप यादव दुवरा की गई सामूहिक चर्चा में प्राचार्य प्रदीप यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थीयों को वर्तमान समय में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा



है,जिनमें मुख्यतः समय प्रबंधन,विद्यार्थी द्वारा मल्टीमीडिया का प्रयोग ईत्यादि। उन्होंने कहा चुनौती पूर्ण माहौल में हमें अपने बच्चों पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अभिभावक व अध्यापक दोनों का प्रमुख उद्देश्य अपने बच्चे का चहुंमुखी विकास करना है। सामूहिक चर्चा में सौ से अधिक अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस परिचर्चा में श्रीमती अंजू देवी, एस. एम. सी.प्रधान व श्री सतबीर सिंह ढिल्लो बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।चर्चा के दौरान अभिभावकों ने अपने अनुभव व समस्याओं को प्राचार्य के समक्ष रखा तथा अपनी समस्याओं का उचित निदान कराया गया प्राचार्य नें कहा माता पिता बच्चों के पहले गुरु होते हैं उनकी ऊगली पकडकर चलना सीखते हैं सकारात्मक वातावरण मे बच्चों का पोषण होना चाहिए घर के माहौल का छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं अभिभावकों क्रो घर का वातावरण बच्चों के लिए सकारात्मक बनाने की आवश्यकता हैं प्रवक्ता अन्नू नें मंच संचालन किया।इस अवसर पर विद्यालय प्राध्यापक श्री लाल बहादुर,श्रीमती मनीषा,श्री विक्रम सिंह, श्री देवेंद्र कुमार जी व अध्यापक श्री चंद्रपाल , श्रीमती संगीता मौजूद रहे

# अगले छह महीने में सभी रोड होंगे दुरुस्त, ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें किया नाहरा -नाहरी रोड का निरिक्षण

**मरुधर विशेष सुनीता सैनी**

**बावल** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेशानुसार अगले छः महीने में प्रदेश के सभी रोडो को दुरुस्त किया जायेगा द्य इस कड़ी में नाहरा -नाहरी रोड जो लड़रावण से लेकर रोहतक रोड तक लगभग 13.700 किलोमीटर एक लेयर लागत लगभग 3.87 करोड़ की राशि से बनाया जा रहा है द्य जिस के लिए जनता की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें बामडोली रोड का निरिक्षण किया द्य सैनी नें सम्बंधित अधिकारिओं व ठेकेदार को हिदायत देते हुए कहा की नायब सरकार में विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा द्य इसलिए यह कार्य सरकार की मापदंडो अनुसार किया जाए द्य सैनी नें कहा की इस रोड पर तारकोल की लेयर डलने से आमजन के साथ -साथ, साथ लगते गाँवों को भी लाभ मिलेगा द्य प्रदेश की नायब सरकार पुरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है द्य मुख्यमंत्री की सिर्फ एक ही सोच है की सभी वर्गों की भलाई के लिए काम करना द्य इसलिए उन्होंने जनहित की समस्या को देखते हुए अगले छः महीने में सभी रोडो को दुरुस्त करने के आदेश दिए है द्य जिस का पालन करना सभी अधिकारिओं के लिए अनिवार्य है द्य मुख्यमंत्री स्वयं सभी सम्बंधित अधिकारिओं से विकास कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट लेते है द्य इसलिए सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखे की विकास कार्यों में कोताई बर्दास्त नहीं की जाएगी

# विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी की बहनों द्वारा 70 वीं बेटी का किया कन्यादान.



**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी की बहनों द्वारा आज शिंव शक्ति हनुमान मंदिर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मे 70 वीं बेटी का किया कन्यादान...कन्या का नाम हर्षाली सेन पुत्री राजू सेन गांव छोटी सरवा बांसवाड़ा ज़िला छोटी सरवा प्रखंड से है मातृशक्ति की विभागीय सतसंग प्रमुख मितलेश जी कौशिक के उपस्थिति मे कन्या कोफूलों की माला व गजरे पहनाकर सजाया बन्नी के गीत गाए सभी सखीयों द्वारा मेहंदी रस्म किया गया फिर कन्यादान स्वरूप चांदी की पायल, बिछिया, नारियल, 5 थाली, 5 कटोरी, डिनर सेंट, स्टील का बेड़ा पेटी,11 साड़िया, किचन सेंट, वर के लिए पेंट शर्ट, एक लहगा चुंदरी और अन्य किचन संबंधित सामग्री भेंट करके संपलक किया जिसमें उपस्थिति स्वयं विभागीय सतसंग प्रमुख मिथलेश जी कोशिश ज़िला बाल सस्कार प्रमुख साधना देवड़ा, मीनाक्षी अग्रवाल प्रान्त की उषा आर्य, कृष्णा शर्मा, जानकी, मंजू, विपिन शर्मा सपना, सीमा, लता, बबिता सिंह, शीतल, सुमन शास्त्री, चंदा सिंह लक्ष्मी वर्मा डॉक्टर बंदना सूर्य पंडित गोवर्धन जी के द्वारा संकल्प करवाया गया जिसमें समस्त मातृ शक्ति उपस्थित रही।

# ठेका कर्मचारीयों ने बांसवाड़ा डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत को ज्ञापन दिया

**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** आज मामा जी की मूर्ति अनावरण मामा बालेश्वर दयाल के दौरान समस्त विभागों में लगे ठेका कर्मचारीयों ने बांसवाड़ा डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत को ज्ञापन दिया गया जिसमें ठेका का कर्मचारियों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा आर्थिक शोषण किया जा रहा है जिसमें तीन से चार महीने के अंदर एक महीने की सैलरी करता है वह भी 4 से ?5 हजार उनसे घर का गुजारा एवं स्वयं का गुजारा नहीं हो पा रहा है एवं ठेका कर्मचारियों ने मांग रखी है कि पिछली सरकार ने ₹स्र्ह्रष्ट की घोषणा की थी



लेकिन आसार संहिता लागू होने से वह लागू नहीं हो पाई एवं सांसद रोत को गुहार लगाई है कि हम आर्थिक शोषण से जूझ रहे हैं हमारी बात को आप प्रधानमंत्री महोदय एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाए ताकि उनको कोई सरकारी संस्थान बनाकर उसमें एडोफ्ट किए जाने की मांग रखी

ताकि उनका घर का गुजारा अच्छी तरह से चल सके एवं रोत को यह भी बताया अगर कोई अपने अधिकार की बात करता है तो ठेकेदार अपनी मा मर्जी से उसको बाहर निकाल देता है जिसमें अन्य ठेका कर्मचारी उपस्थित रहे उदय सिंह मुनिया, वीर सिंह मुनिया लाल बहादुर प्रताप मोहन कमलेश गरासिया एवं कई संख्या में ठेका कर्मचारी उपस्थित रहे

# भारतीय संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की प्रबुद्ध जन गोष्टी का आयोजन

## संस्कृति सबकी एक चिरंतन खून रगों में हिंदू है,,, विराट सागर समाज अपना हम सब इसके बिंदु है





**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** सज्जनगढ़ कस्बे के श्रीराम उच्च माध्यमिक विद्यानिकेतन परिसर में भारतीय संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की प्रबुद्ध जन गोष्टी का आयोजन सुभाष जी यादव व्याख्याता की अध्यक्षता में की गई। सर्बप्रथम बाबा साहेब एवं भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। पाथेय आदरणीय श्रीकांतजी भाई साहब राजस्थान क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख ने प्रदान किया। श्रीकांत जी ने कहा की बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के दौरान शोषित, वँचित एवं महिलाओ को प्रथम पंक्ति में रखा। बाबा साहेब ने भारत के समस्त नागरिकों को उनके नागरिक अधिकार प्रदान किये। 1000 वर्षो की गुलामी के बाद देश की आजादी उपरांत भारत के संविधान निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बाबा साहेब के कंधो पर आई, उन्होंने इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, भारत के प्रत्येक नागरिक के जीवन को शुलभ बनाने के लिए पुरी दुनिया का सर्वोत्तम संविधान निर्माण किया। बाबा साहेब ने संविधान में अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों को भी प्रमुखता दी है हमे उनके आदर्शो पर चलते हुवे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुवे नागरिक के कर्तव्यों का निर्वहन भी प्रमुखता से करना होगा तब ही हम उनके द्वारा निर्मित संविधान को पूर्ण रूप से अंगीकार करने के साथ साथ उनके विश्वास को बनाये रख सकते है। आज हमें जाति में ना बटकर भारतीय होने की आवश्यकता है। बाबा साहेब ने स्वयं कहा था की हम पहले भी भारतीय होंगे एवं अंत में भी भारतीय। क्षेत्र, भाषा से विविधता भरे इस देश में हमें एकता ही सर्वश्रेष्ठ बना सकती है। प्रत्येक नागरिक के मन में भारतीय का भाव जागृत होना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बाबा साहेब ने जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक के नागपुर की शाखा देखी और यह कहा कि यहाँ अनुशासन अच्छा है और जातिगत भेदभाव नहीं दिखा। यह उनके व्यापक दृष्टिकोण को भी दर्शाता वह। साथ ही ऊंच नीच, छुआछूत, अस्पृश्यता, भेदभाव को समाज से मिटाने का आह्वान किया। हिन्दू समाज और बौद्ध समाज को सनातन का एक अभिन्न अंग बताया उन्होंने एक मंदिर, एक श्मशान, एक कुआं का सभी एक साथ उपयोग करें उस हेतु समाज को बताया। कार्यक्रम में नगर खंड के सभी प्रबुद्ध जनों का एवं मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।

# मौलावास गांव में अंबेडकर विकास कमेटी मंच के द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई





**मरुधर विशेष**

**मुंडावर (रमेशचंद्र)** मोलावास गांव में अंबेडकर विकास कमेटी मंच के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मुंडावर विधायक ललित यादव रहे। अध्यक्षता सरपंच अजीत यादव के द्वारा की गई। विधायक ललित यादव ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर सभी समाज के लिए मसीहा के रूप में काम किया था। डॉ अंबेडकर के प्रयासों के कारण महिलाओं एवं दलितों को अधिकार दिलाने में बड़ा योगदान रहा इसलिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतना ही दहाड़ लगाएगा इसलिए उनके जीवन आदर्श को अपने जीवन में उतारते हुए अच्छी शिक्षा ग्रहण कर समाज को आगे ले जाने का कार्य करें। विधायक ललित यादव के द्वारा अंबेडकर भवन में लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की गई।कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र मेहरा भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष,छंगाराम भीम आर्मी जिला अध्यक्ष खैरथल तिजारा,जाट बहरोड सरपंच सुरेंद्र चौधरी एवं डॉ गजराज नीमराना रहे।

कार्यक्रम के दौरान अंबेडकर विकास कमेटी के अध्यक्ष हजारीलाल ,सचिव विनय कुमार, कोषाध्यक्ष रोहितास बाबूजी,सोमदत्त अहरोदिया, दीपदीपिका, एमएस कंप्यूटर सेंटर निदेशक महेश कुमार, मनीष कुमार, ललित कुमार, मनोज कुमार के द्वारा अतिथियों का फूलमालाओ एवं साफा पहनाकर व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन महेश कुमार और राकेश कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जालावास पूर्व सरपंच रतनलाल यादव,राधेश्याम ,मदनलाल, प्रभातीलाल, हनुमान सिंह, मुकेश कुमार ,संदीप कुमार, ईश्वर सिंह, सुमेर सिंह, धाकड़ सिंह सहित काफी संख्या में कमेटी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 11करोड़. 40लाख रूपये का बजट पास उपप्रधान की अध्यक्षता मे हुई बैठक

## प्रधान वीरेंदर एडवोकेट बोले ससुरजी की रस्म पगड़ी मे शामिल होने से नहीं पहुंच सके बैठक मे

**मरुधर विशेष**

**सुनीता सैनी** बावल नगर पालिका में आयोजित हाउस की बैठक में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए करीब 11 करोड 40 रुपये का बजट पास कर दिया गया। बजट की खास बात यह रही कि बजट नगर पालिका प्रधान की गैर मौजूदगी में पास किया गया। बजट बैठक की अध्यक्षता उप प्रधान अर्जुन चौकन ने की। इस दौरान उप प्रधान सहित कुल आठ पार्षद मौजूद रहे। बावल नगर पालिका में कांग्रेस व भाजपाइयों के बीच घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस समर्थित बावल नगर पालिका प्रधान एडवोकेट विरेंद्र सिंह महलावत की ओर से दो बार बुलाई गई बजट बैठकों का उप प्रधान व उनके समर्थित पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया गया था। एक बार उपप्रधान की अध्यक्षता मे पार्षद चले गए जिससे बजट पास नहीं हो सका था दोनों पक्षों की ओर से गंभीर आरोप लगाए गए थे। जैसा कि उप प्रधान चौकन ने बताया कि बीते 9 अप्रैल को बुलाई गई बैठक में भी प्रधान नहीं पहुंचे थे, वहीं 15 अप्रैल मंगलवार को बुलाई गई बैठक में भी प्रधान नहीं पहुंचे। ऐसे में उप प्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक में पालिका प्रधान की गैर मौजूदगी में ही बजट पास कर दिया गया। उप-प्रधान ने बताया कि शहर के विकास के लिए बजट पास किया गया है, ताकि लंबित विकास कार्य पूरे कराए जा सकें। वहीं दूसरी ओर समझा जा सकता कि बावल नगर पालिका किस तरह से राजनीति का अखाड़ा बनी हुई है। बावल नगर पालिका का यह अनोखा बजट ही कहा जाएगा जो प्रधान की गैर मौजूदगी में हुआ। वहीं जब पालिका प्रधान एडवोकेट विरेंद्र सिंह महलावत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके ससुर का निधन हो गया था आज उनकी रस्म पगड़ी होनी थी इसलिए मीटिंग मे मौजूद नहीं रहे , शहर के विकास लिए बजट पास होना जरुरी था, बजट सर्वसम्मति से ही पास किया गया था। सभी को आपसी भेदभाव भुलाकर बावल के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बैठक मे कमलदेवी सुखबीर रोहताश मेनका देवी रेखा कुमारी यादव रमेश चौकन उपप्रधान अर्जुन चौकन सचिव प्रशांत पारस एम ई सुनील कुमार जेई दीपक यादव कविता मौजूद रहे

# मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 के तहत डीग में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित



**मरुधर विशेष**

**संवाददाता सलीम खान** डीग, । पंचायत समिति सभागार भवन डीग में मंगलवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 अन्तर्गत डीपीआर अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी भरतपुर मृदुल सिंह द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 अन्तर्गत सभी 5 ब्लाकों के 35 ग्राम पंचायतों के 114 ग्राम सम्मिलित किये गये हैं। जिसमें 1190 कार्यो को सम्मिलित किया गया है। जिसकी राशि 34.14 करोड रूपये है। करतारसिंह, अधीक्षण अभियंता, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, डीग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 अन्तर्गत ब्लॉक डीग, कुम्हेर, कामां, पहाडी, नगर की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा लिये गये कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी प्रकार से सभी 5 ब्लॉक्स की डीपीआर के बारे में भी विस्तार से सभी उपस्थित अधिकारियों को प्रस्तुतीकरण दिया गया। सभी 5 डीपीआर का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। बैठक में हरीओम शर्मा, जिला प्रभारी, जयपुर, ईशु नारंग, अधिशाषी अभियंता, पीएचईडी, महिपाल शर्मा, संयुक्त निदेशक, कृषि, सुरेश चैधरी, सहायक वन संरक्षक, वन विभाग, डीग, नीरज सिंह, सहायक अभियंता, जलग्रहण आदि के साथ अन्य अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

# कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कुशलगढ़ में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए छोटी सरवा मंडल तथा ऊकाला मंडल की बैठक का आयोजन

**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** आज़ दिनांक 15 04 2025 को कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कुशलगढ़ में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए छोटी सरवा मंडल तथा ऊकाला मंडल की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक की अध्यक्षता कुशलगढ़



ब्लॉक अध्यक्ष रजनीकांत खाब्या तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र पर्यवेक्षक रमेश जी मीणा के मुख्यअतिथि में आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए रमेश जी मीणा ने कहा कि पार्टी संगठन को वार्ड बूथ मंडल और ब्लॉक स्तर पर मजबूत करना होगा। क्योंकि आगामी पंचायती राज चुनाव को देखते हुए हमें वार्ड स्तर पर सक्रिय होने की आवश्यकता है आज संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की आवश्यकता है जिससे भूथ मंडल की कार्यकरणों का विस्तार करना और सक्रिय कार्यकर्ताओं को दायित्व देना आवश्यक होगा नए यूथ को जोड़ते हुए उन्हें दायित्व पार्टी स्तर पर देने की नसीहत दी ताकि आने वाले पंचायती राज चुनाव में हम कांग्रेस पार्टी को विजय बना सके तथा भाजपा सरकार की विफलताओं को आम जन तक कार्यकर्ता पहुंचाएं क्योंकि देश में धर्म और जाति के नाम पर उन्माद पैदा करने का काम भाजपा के द्वारा किया जा रहा है बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष रजनीकांत खाब्या, विजय सिंह खड़िया, कैलाश पटेल, विजय भाई मईडा, लाल सिंह भाई, जोगा भाई, शांतिलाल, वालसिंह डामोर, रणजी, मांगू सिंह पवार, कमजी भाई, मनोज डामोर, जगदीश , भुरजी , कालू सिंह, रालु भाई, प्रकाश जी, विजय डामोर, धूले सिंह, आदि ने संबोधित किया तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष लक्ष्मण दामा ने बैठक का संचालन किया।

# अम्बेडकर जयंती पर निकाली वाहन रैली



**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** भारतीय संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में सर्व प्रथम बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर वाहन रेली का शुभारंभ किया गया। वाहन रेली थांदला रोड अम्बेडकर भवन से प्रारंभ होकर मामाजी की मूर्ति सुभाष मार्ग गांधी मार्ग गांधी चौक पैलेस रोड पांडवा साथ रतलाम रोड भगतसिंह बस स्टेंड बांसवाड़ा रोड पोटलिया बाय पास से अम्बेडकर भवन पर वाहन रेली का समापन किया गया।

# मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 731 वा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन

**मरुधर विशेष**



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** सांवरियो है सेठ . मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 731 वा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन खीम सिंह जी का खेड़ा भिंडर में हुआ । यजमान भवरसिंह राणावत ने रामजी व हनुमानजी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर पूजा अर्चना करने के बाद जितेन्द्र सुथार ने गणपति पूजन व भरत भट्ट ने सरस्वती वंदना करने के तत्पश्चात राष्ट्र देवो भवः की भावना को सर्वोपरि मानते हुए सभी उपस्थित श्रद्धालुओ ने राष्ट्रगान करने के पश्चात सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान जितेन्द्र कलाल व जितेंद्रसिंह चौहान द्वारा की गईं। दामोदर गोगरोत व उत्तम पंचाल ने यजमान परिवार को मंडल की ओर से माला, शॉल व उपरना पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार ने सांवरियो है सेठ........ चेतन गोगरोत ने द्वारिका नो नाथ मारो राजा रणछोड़ है.... जुगलकिशोर ने राम नाम भज ले प्यारे अंत समय संग जाएगा.... नकुल गोगरोत ने हर हर महादेव शिव भोरिया........ प्रीतम पंचाल ने नजराना दिल का लाया भोले तेरी नगरी में......सहित कई मधुर भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। विभिन्न वाद्ययन्त्रों पर उत्तम पंचाल, हेमंत भट्ट,रमेश जोशी,अशोक वैष्णव,ओमप्रकाश सुथार, भूपेश गामोट ने संगत दी। हनुमान चालीसा का पाठ नरेश भट्ट शिवलहरी द्वारा करने के पश्चात आरती यजमान परिवार द्वारा उतारी गई। यजमान भवरसिंह ने अंत में मंडल का आभार जताते कहा कि सुंदरकांड के सुंदर आयोजन से सुंदर वातावरण बन गया।कार्यक्रम से पूर्व मंडल से सभी सदस्यों ने सांवरिया जी पहुंच कर दर्शन किए व भजन कीर्तन कर आनंद लिया।इस अवसर पर विक्रमसिंह सुरेंद्रसिंह विरेन्द्रसिंह गेमरसिंह मोतीलाल पंचाल भवरसिंह गोविंदसिंह देवीसिंह राणावत सहित आसपास क्षेत्र के कई धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# विप्र फाउंडेशन जिला अधिवेशन 20 अप्रेल रविवार को प्रभाकर पड्या कॉलेज गढ़ी परतापुर मे

**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** विप्र फाउंडेशन जिला बांसवाड़ाकी आम सभा, जिला अधिवेशन 20 अप्रेल रविवार गढ़ी परतापुर के प्रभाकर पड्या कॉलेज मे आयोजित होने जा रही है। विप्र फाउंडेशन गढ़ी तहसील अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की विप्र फाउंडेशन जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय परतापुर, वासुदेव मेहता डडुका,और नंदलाल जोशी साकरीया के नेत्रत्व गढ़ी परतापुर अध्यक्ष राजेश आचार्य, तहसील उपाध्यक्ष गिरीश पड्या, तहसील उपाध्यक्ष रमेश व्यास का दल पुरे क्षेत्र मे संपर्क कर निमंत्रण दे रहे है, और सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे है. तहसील महामंत्री भरतलाल दवे ने बताया की पुरे जिले से 500 से भी अधिक पदाधिकारियों के उपस्थित रहने का है जो सवेरे 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ब्राम्हण हित मे अनेक मुद्दों पर चर्चा और निर्णय करेगे, आगामी परशुराम जन्मोत्सव, मंदारेश्वर महादेव परशुराम मंदिर पर वीष्णु यज्ञ, लिमथान स्थित प्राचीन परशुराम क्रष्ण मंदिरों पर आयोजित 108 कुंडीय विष्णु महा यज्ञ साथ ही विशाल गंगा जल कलश यात्रा के आयोजन पर चर्चा, निर्णय होंगे। इस आम सभा, जिला महा अधिवेशन मे विप्र फाउंडेशन, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ, शिक्षा प्रकोष्ठ के ग्राम, तहसील, विधान सभा, जिला,प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारियों के उपस्थित रहने का है।

# नूनिया गांव के लोगों ने बसेठ ग्राम पंचायत में रहने के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन



**मरुधर विशेष। दिनेश लेखी**

**कठूमर** ग्राम नूनिया के ग्रामीणों ने अपने गांव को बसेठ ग्राम पंचायत में यथावत रखने या नूनिया को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि हमारे गांव नूनिया को हाल में ही हुए परिसीमन में ग्राम पंचायत बसेठ से हटाकर लाठकी में जोड़ा गया है।जो कि गलत है। नूनिया से न केवल लाठकी की दूरी ज्यादा है बल्कि रास्ता भी खराब है। उधर हमारा गांव नूनिया बसेठ से डबल सड़क रोड से जुड़ा हुआ है।और अटल सेवा केन्द्र भी दोनों गांवों के मध्य स्थित है। ज्ञापन देने वालों में जयमल मीणा, धानयाराम , रामजीलाल सैनी, वेदप्रकाश मीणा, मुन्नी लाल सैनी, महेंद्र सिंह, मलखान मीणा,प्रदीप सिंह, पंकज नरूका , सुरेश मीणा आदि मौजूद थे।

# मुंडावर विधायक ललित यादव आज बुधवार को नीमराना पंचायत समिति सभागार में करेंगे जनसुनवाई

**मरुधर विशेष**

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** प्रत्येक माह की 16 तारीख को मुंडावर विधायक ललित यादव द्वारा की जाने वाली मासिक जनसुनवाई आज 16 अप्रैल 2025 को पंचायत समिति नीमराना के सभागार भवन में सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक की जाएगी।यह जानकारी विधायक ललित यादव के सचिव अमित यादव ने दी।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वेष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्दा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732